अभियान

भालीवाड़ा और पांडीवाड़ा के युवाओं ने की टाटीघाट की सफाई

# युवाओं ने घाटों से कचरा हटाकर दिया जल संरक्षण का संदेश



**नारायणगंज।** माँ नर्मदा केवल एक नदी नहीं, बल्कि सभ्यता, संस्कृति और प्रकृति की जननी हैं। इसके अस्तित्व को बचाने और प्रदूषण मुक्त रखने के उद्देश्य से युवाओं द्वारा एक विशेष स्वच्छता अभियान और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भालीवाड़ा, पांडीवाड़ा और टाटीघाट के युवाओं ने एकजुट होकर नर्मदा घाटों की सफाई की और नर्मदा जल लेकर माँ रेवा को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के दौरान नर्मदा नदी की वर्तमान स्थिति पर गंभीर चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि सरकारी दावों के विपरीत धरातल पर नर्मदा का जल तेजी से अशुद्ध हो रहा है। आंकड़ों के अनुसार, प्रतिदिन लाखों लीटर गंदा पानी, फैक्ट्रियों का कचरा, अस्पतालों का संक्रमित जल और शहरों की गंदगी सीधे नर्मदा में मिल रही है। यदि रेत का अवैध उत्खनन और जंगलों का कटान इसी तरह जारी रहा, तो आने वाले 50 वर्षों में नर्मदा का अस्तित्व संकट में पड़ सकता है।

### युवाओं ने पेश की मिसाल

दादू राम सत्य राम महाराज के अनुयायियों और स्थानीय युवा संगठन ने टाटीघाट पर श्रमदान कर कचरा और पॉलीथीन एकत्रित किया। युवाओं ने घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं से आग्रह किया कि वे नदी में कपड़े न धोएं और साबुन का प्रयोग न करें। कार्यक्रम में अंसुल, राहुल, श्रीअंश, महेंद्र, दिनेश, रवि और ब्रजेश सहित अनेक युवा शामिल रहे।

### स्वच्छता ही असली पूजा

समाजसेवी दुर्गेश लोधी ने कहा कि सफाई का यह कार्य मजदूरों से भी कराया जा सकता था, लेकिन इसका मुख्य उद्देश्य समाज को जल संवर्धन और संरक्षण की प्रेरणा देना है। उन्होंने कहा हमारे एक दिन की सफाई से पूरी नर्मदा साफ नहीं होगी, लेकिन यह आयोजन जन-जन में नर्मदा को स्वच्छ रखने के संस्कार और अनुशासन पैदा करने का एक छोटा सा प्रयास है। माँ नर्मदा को स्वच्छ रखना ही उनकी सच्ची पूजा है। युवाओं ने इस संदेश को न्यूज़ चैनलों और सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुँचाने की अपील की, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ भी माँ नर्मदा के निर्मल जल का लाभ उठा सकें।

# अखंड रामायण पाठ के साथ भक्तिमय हुआ वातावरण

हवन, भंडारा और कन्या भोज के साथ रामायण महोत्सव का समापन



**नारायणगंज।** नारायणगंज स्थित बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर में क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना के साथ आयोजित 24 घंटे का अखंड रामायण पाठ श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित गोवर्धन पांडे शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान से पूजन अर्चन के साथ किया गया।

आयोजन के मुख्य श्रोता विष्णु प्रसाद सोनी द्वारा रामायण जी की आरती कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस आध्यात्मिक आयोजन में बबलिया सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी जनता ने पहुँचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और अखंड रामायण पाठ का लाभ लिया।

### भंडारा और कन्या भोज के साथ समापन

रामायण पाठ की पूर्णाहूति पर हवन-पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें यजमानों ने आहुतियाँ दीं। इसके पश्चात विशाल भंडारे और कन्या भोज का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी सहयोगियों और धर्मप्रेमियों का आभार व्यक्त किया है।

# धार्मिक आस्था और सुरक्षा पर भारी पड़ रही शराब दुकान



कांग्रेस ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**नारायणगंज।** बस स्टैंड क्षेत्र में स्थित देशी-विदेशी शराब दुकान को हटाने की मांग अब जनआंदोलन का रूप लेने लगी है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नारायणगंज के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर दुकान को तत्काल प्रभाव से अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग बुलंद की।

ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया कि उक्त शराब दुकान हनुमान मंदिर के अत्यंत समीप संचालित हो रही है। यहाँ प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुँचते हैं, जिन्हें दुकान के पास जमा होने वाले असामाजिक तत्वों के कारण असहजता का सामना करना पड़ता है। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि शराब दुकान के चलते क्षेत्र में आए दिन गाली-गलौज और विवाद की स्थिति बनी रहती है, जिससे महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा खतरे में है। चूँकि बस स्टैंड एक प्रमुख सार्वजनिक स्थल है, जहाँ से सैकड़ों यात्रियों और छात्राओं का आवागमन होता है, शराब दुकान की उपस्थिति यहाँ की शांति भंग कर रही है। पास में ही मुख्य बाजार और शैक्षणिक संस्थान होने के कारण अभिभावकों ने भी अपनी चिंता जाहिर की है।

### प्रशासन को दी आंदोलन की चेतावनी

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजुल ज्योतिषी ने कड़े शब्दों में कहा कि धार्मिक स्थल के पास शराब दुकान का होना जनभावनाओं का अपमान है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने समय रहते दुकान को नहीं हटाया, तो कांग्रेस कमेटी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। तहसीलदार ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए मामले को आबकारी विभाग को भेजने और नियमानुसार उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी, ग्रामीण और कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हनुमान चौराहे पर विधि-विधान से हुई प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा



नारायणगंज में तीन दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव का समापन

**नारायणगंज।** नारायणगंज में तीन दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव का समापन किया गया। बताया गया कि नारायणगंज में तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर वाहन रैली निकाली गई और हनुमान चौराहे पर विधि-विधान से पवनपुत्र की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की गई।

संकट मोचन हनुमान मंदिर में 24 घंटे की अखंड रामधुन का आयोजन हुआ, वहीं दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर और धनेश्वर मंदिर टिकरिया में विशेष चोला अर्पण व पूजन संपन्न हुई। उत्सव के दौरान हितकारिणी स्कूल, बस स्टैंड सहित विभिन्न स्थानों पर विशाल भंडारों का आयोजन किया गया। दुर्गा व्यायाम शाला में पहलवानों द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। पूरा क्षेत्र जय श्रीराम और हनुमान जी के जयकारों से गूँज उठा, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।

## विहिप और बजरंग दल के नेतृत्व में हनुमान जन्मोत्सव पर उमड़े श्रद्धालु, जगह-जगह हुआ स्वागत



**भुआ बिछिया।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भुआ बिछिया क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला बिछिया के तत्वाधान में सर्व हिंदू समाज द्वारा एक विशाल वाहन रैली का आयोजन किया गया, जिसमें नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। उत्सव का शुभारंभ ब्रह्ममुहूर्त की वेला में नगर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में विशेष पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके बाद दोपहर 3 बजे क्षेत्र का समस्त हिंदू समाज स्थानीय विनोद रंगमंच पर एकत्रित हुआ। यहाँ हनुमान जी महाराज की नयनाभिराम झांकी सजाई गई, जिसका पूजन कर गणमान्य नागरिकों और युवा बजरंगियों ने भव्य वाहन रैली का आगाज़ किया।

**नगर भ्रमण के साथ गूंजे जयकारे**-यह वाहन रैली विनोद रंगमंच से प्रारंभ होकर भड़ंगा, जंतीपुर हनुमान मंदिर, बस स्टैंड, भुआ और बंजारी होते हुए पुनः विनोद रंगमंच पहुँची। भ्रमण के दौरान मार्ग में आने वाले सभी हनुमान मंदिरों में सनातनी कार्यकर्ताओं द्वारा भेंट अर्पित की गई। रैली का समापन पुलिस थाना प्रांगण स्थित हनुमान मंदिर में भव्य आरती और पूजन के साथ हुआ।

**भंडारा और प्रसाद किया वितरण**-कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहाँ श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरित किया गया। इस पूरे आयोजन में वरिष्ठ नागरिक, जनप्रतिनिधि, युवा साथी और आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे, जिससे पूरा वातावरण जय श्रीराम और जय हनुमान के जयकारों से गुंजायमान रहा।

# ढाई साल से लंबित ईपीएफ राशि कर्मचारियों के खाते में जमा

20 दिनों के रिकवरी अभियान से मिली सफलता, कर्मचारियों में हर्ष



**भुआ बिछिया।** नगर परिषद भुआ बिछिया में कार्यरत 52 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के लिए आज का दिन किसी बड़े त्यौहार या बोनस की खुशी से कम नहीं रहा। पिछले 28 महीनों (ढाई साल) से लंबित उनकी ईपीएफ राशि को आखिरकार नगर परिषद द्वारा ईपीएफओ के नियमों के तहत उनके यूएएन खातों में जमा कर दिया गया है।

निकाय में कार्यरत कर्मचारी लंबे समय से अपने भविष्य निधि की राशि जमा करने की मांग कर रहे थे। इसके लिए कर्मचारी संघ द्वारा पूर्व में कलेक्टर मंडला और अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को जनसुनवाई में आवेदन भी दिए गए थे। शासन के नियमानुसार कर्मचारी के मूल वेतन और डीए का 12 प्रतिशत हिस्सा कर्मचारी और 12 प्रतिशत नियोक्ता द्वारा जमा किया जाता है, जिससे भविष्य में पेंशन और रिटायरमेंट लाभ सुनिश्चित होते हैं। इस राशि के जमा न होने से कर्मचारी शासन की कल्याणकारी योजनाओं से वंचित थे।

**डिप्टी कलेक्टर संस्कार बावरिया की सक्रियता**-इस जटिल समस्या का समाधान तब संभव हुआ जब हाल ही में पदस्थ संस्कार बावरिया (डिप्टी कलेक्टर एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी) ने कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने कर्मचारियों के हित को सर्वोपरि रखते हुए मात्र 20 दिनों की अल्प अवधि में रणनीतिक कार्य किया। निकाय की आर्थिक तंगी को दूर करने के लिए उन्होंने विशेष वसूली अभियान चलाया, जिससे निकाय की आय में वृद्धि हुई।

**65 लाख रुपये का हुआ भुगतान**-आय में वृद्धि होते ही लगभग 65 लाख रुपये की लंबित राशि का चालान ईपीएफओ नियमों के अनुरूप जमा कर दिया गया। संस्कार बावरिया की इस कार्यकुशलता और निष्ठापूर्ण निर्णय की प्रशंसा पूरे नगर में हो रही है। कर्मचारियों ने अपनी वर्षों पुरानी मांग पूरी होने पर अधिकारी का आभार व्यक्त किया है। यह कदम दर्शाता है कि यदि दृढ़ इच्छाशक्ति और सही प्रबंधन के साथ कार्य किया जाए, तो वित्तीय चुनौतियों के बावजूद जनहित के कार्य मुमकिन हैं। इस सराहनीय कार्य में मुख्य नगरपालिका अधिकारी के मार्गदर्शन में निकाय के समस्त कर्मचारियों का भी विशेष योगदान रहा।

## फैक्ट्री कर्मी के सूने घर में चोरों का धावा

**जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत जवाहर नगर में चोरों ने फैक्ट्री कर्मी के सूने मकान का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात पार कर दिए। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक कौशल किशोर सिंह 57 वर्ष निवासी जवाहर नगर अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह पनागर फैक्ट्री में काम करता है उसकी पत्नी बेटे के पास दिल्ली गई हैं। बुधवार रात लगभग 10 बजे डयूटी चला गया था। गुरूवार सुबह लगभग 7 बजे घर वापस आया देखा दरवाजे का ताला टूटा हुआ था अंदर जाकर देखा आलमारी का दरवाजा टूटा हुआ था आलमारी में रखे बैग में सोने का एक हार, चार अंगूठी, आठ नाक की लोंग, एक नथ, झुमका दो, एक लॉकेट, चांदी की करधन, चांदी के बर्तन, पायल सेट चार, दो मांग टीका नहीं थे कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है।



# पेंशनर संगठन को सशक्त करना समय की मांग

सेवानिवृत्त उप संचालक कृषि जाटव ने ली पेंशनर एसोसिएशन की आजीवन सदस्यता

**अंजनिया।** आत्मा परियोजना, मंडला से उप संचालक कृषि के पद से सेवानिवृत्त हुए आरडी जाटव ने अब पेंशनरों के हितों की रक्षा और संगठन की मजबूती के लिए कदम आगे बढ़ाया है। विगत दिवस एक सादे एवं गरिमामयी समारोह के दौरान श्री जाटव ने वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन जिला शाखा मंडला की आजीवन सदस्यता ग्रहण की।

सदस्यता ग्रहण करने के अवसर पर श्री जाटव ने उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में पेंशनर संगठन को सशक्त करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संकल्प दोहराया कि वे पेंशनरों की जायज मांगों को लेकर भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों में निरंतर सक्रिय रूप से भाग लेंगे और अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

**वरिष्ठ पदाधिकारियों की रही उपस्थिति**-इस कार्यक्रम में पेंशनर एसोसिएशन के जिला शाखा अध्यक्ष बीके राय, जिला सचिव एनके शुक्ला, कोषाध्यक्ष एसके पटेल, जिला उपाध्यक्ष बसंत रजक और जिला महामंत्री आरकेएस चौहान मुख्य रूप से उपस्थित रहे। श्री जाटव के संगठन से जुड़ने पर जिला अध्यक्ष बीके राय ने उनके प्रति आभार व्यक्त किया और विश्वास जताया कि उनके अनुभव का लाभ संगठन को प्राप्त होगा।



# कार्यकर्ताओं को मिला वैचारिक और संगठनात्मक मंत्र

घुघरी में भाजपा का दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान आयोजित

**घुघरी।** भाजपा द्वारा संगठन को वैचारिक रूप से सशक्त बनाने और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा फूंकने के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का आज भव्य समापन हुआ। 2 अप्रैल से शुरू हुआ यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें मंडल के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई।

प्रशिक्षण के दूसरे और समापन दिवस पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा उपस्थित रहे। समापन सत्र के दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नीरज मरकाम ने भाजपा का इतिहास और विकास विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि एक विचार है। उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इन योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का संकल्प लें।

### पदाधिकारी, कार्यकर्ता रहे मौजूद

इस अवसर पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और स्थानीय जन प्रतिनिधियों का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुआ। मंच पर मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामप्रकाश साहू, जनपद अध्यक्ष जनिया बाई मरावी सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने संगठनात्मक एकजुटता और आगामी लक्ष्यों को लेकर कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन और समन्वय मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र धुर्वे के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस दौरान रामकली प्रजापति, शंभू साहू, संजय साहू, श्रीराम अग्रवाल, मुन्ना चक्रवर्ती, राकेश नंदा मरावी और मीडिया प्रभारी दुर्गेश प्रजापति सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को पार्टी की कार्यपद्धति से अवगत कराना रहा, जिससे वे सेवा भाव के साथ जन-हित में कार्य कर सकें।

# टीटीई को धमकी देना पड़ा भारी, आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर, नवभारत।** ट्रेन में ड्यूटी के दौरान टीटीई को धमकी देना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। आरोपी खुद को वेंडर बता रहा था, लेकिन जांच में उसकी सच्चाई सामने आ गई। घटना उस समय की है जब गाड़ी संख्या 20903 जयनगर बनारस सुपरफास्ट ट्रेन में टिकट जांच के दौरान टीटीई गुंजन कुमार एवं विकास कुमार ने एक संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान वह व्यक्ति उलझ गया और खुद को अधिकृत वेंडर बताने लगा। जब उससे वैध अनुमति या पहचान पत्र मांगा गया, तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इसी दौरान आरोपी ने टीटीई को देख लेने की धमकी दे डाली, जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। टीटीई ने तुरंत इसकी सूचना आरपीएफ को दी। सूचना मिलते ही आरपीएफ टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में ले लिया। इस संबंध में आरपीएफ पोस्ट प्रभारी राजीव खरब ने बताया कि रेल मदद से शिकायत प्राप्त हुई की ट्रेन नंबर 20903 में एक व्यक्ति आन ड्यूटी टीटीई को धमका रहा है जिस पर जबलपुर स्टेशन पर आरक्षक रामनारायण यादव व सुग्रीव सिंह द्वारा अटेंड किया गया जिसमें ऑन ड्यूटी टीटीई गुंजन कुमार एवं विकास द्वारा बताया गया कि एक व्यक्ति जो अपना नाम राजेश मेहरा बता रहा है धमका रहा की तुम्हे देख लेंगे जिस पर उक्त व्यक्ति अपना पता मानसिंह मेहरा उम्र 50 वर्ष निवासी कांचघर पुलिस लाइन घमापुर जबलपुर बताया।





## 11 केवी लाइन से कर्मचारी गिरा, जबलपुर रिफर

**नैनपुर।** ठेकेदार की लापरवाही से एक आउट सोर्स कर्मचारी जीवन मौत से जूझ रहा है। उसे जबलपुर रिफर किया गया है। घटना थाना क्षेत्र नैनपुर के पिंडरई चौकी के ग्राम कटारे मोहगांव की है जहां बिगड़ैल मौसम में बिजली का काम करते वक्त सुरक्षा व्यवस्था उपकरण उचित नहीं थे। जिसका शिकार बीजेगांव डेम निवासी प्रदीप परते पिता भंगी परते उम्र 22 साल हो गया। जो बिजली के खंभे से काम करते वक्त सीधे नीचे आ गिरा जिससे हाथ में दो फैक्चर और पैर में मामूली फैक्चर आया है। प्राथमिक उपचार के बाद प्रदीप को जबलपुर भेजा गया है। ज्ञातव्य हो कि उप संभाग विद्युत मंडल विभाग नैनपुर की 11 केवी लाइन में प्रदीप काम कर रहा था जो काफी खतरे की होती है। ठेकेदार द्वारा उक्त आउट सोर्स कर्मचारी से काम तो कराया जा रहा था पर सुरक्षा के माकूल इंतजाम नहीं थे जिसकी वजह से युवक घटना का शिकार हो गया।



# उत्कृष्ट विद्यालय बिछिया से सेवानिवृत्त हुए रवि प्रसाद नेवले

विदाई समारोह में विद्यालय स्टाफ और परिजनों ने साझा की यादें

**भुआ बिछिया।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भुआ बिछिया में पदस्थ वरिष्ठ शिक्षक श्री रवि प्रसाद नेवले का सेवानिवृत्ति विदाई समारोह अत्यंत भावनात्मक और गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ किया गया।

श्री नेवले ने शिक्षा विभाग में 39 वर्ष और 4 माह की लंबी सेवा अवधि पूर्ण की है। हिंदी विषय के शिक्षक के रूप में उन्होंने हजारों विद्यार्थियों का भविष्य संवारा। विदाई सत्र के दौरान विद्यालय के शिक्षकों ने श्री नेवले के साथ बिताए गए प्रेरक पलों को साझा करते हुए उनके मृदुभाषी स्वभाव और अनुशासन की सराहना की।

**शाल-श्रीफल से हुआ सम्मान**-इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य अरुणा दीक्षित एवं समस्त विद्यालय स्टाफ द्वारा श्री नेवले को शाल, श्रीफल और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती आरती मोदी द्वारा किया गया, जबकि आभार प्रदर्शन मुकेश साहू ने किया। समारोह में प्रमोद गुप्ता, दिव्या मरावी, असित लोध, मंजू श्रीवात्री, कल्पना पांडे, प्रवीण बैरागी, आदित्य मिश्रा, शब्बो सोनवानी, रेवती और सुनीता मरावी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।